अभ्यास के प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें —

(क) जल को वाष्प में बदलने की क्रिया को .... कहते हैं।

(ख) जलवाष्प को जल में बदलने की क्रिया को .... कहते हैं।

(ग) एक वर्ष या इससे अधिक समय तक वर्षा न होने से उस क्षेत्र में ....होने की संभावना रहती है।

(घ) अत्यधिक वर्षा से .... आती है।

उत्तर—(क) वाष्पन, (ख) संघनन (ग) सुखाड़ (घ) बाढ़

प्रश्न 2. निम्नलिखित में से प्रत्येक का सम्बन्ध क्या वाष्पन अथवा संघनन से है।

(क) गीले कपड़ों पर इस्त्री करते समय भाप का ऊपर उठना।

उत्तर— वाष्पन

(ख) सर्दियों में प्रातःकाल कोहरे का दिखना।

उत्तर— संघनन।

(ग) **गीले कपड़े से पोंछने के बाद श्यामपट्ट (ब्लैक बोर्ड) कुछ समय बाद सूख जाता है।**

उत्तर— वाष्पन

(घ) **गर्म छड़ पर जल छिड़कने से भाप बनकर ऊपर उठना।**

उत्तर— वाष्पन

प्रश्न 3. बादल कैसे बनते हैं ?

उत्तर— अधिक तापमान पाकर विभिन्न जल स्रोतों के जल जलवाष्प के रूप में वायु में संघनित होकर छोटी-छोटी जल की बूंदें बनाती है, जो बादल कहलाते हैं।

प्रश्न 4. गाँव में जल का संग्रहण कैसे करेंगे ?

उत्तर— गाँव में प्रायः घर खपड़ैल का होता है। वर्षा का पानी छत के ओटी या ओहार से गिरता रहता है। इस ओटी के नीचे U आकार का लंबा बेलनाकार टीन का छानी लगाने से वर्षा के जल को ओटी या छानी से बहाकर जमीन के गड्ढों में एकत्रित किया जा सकता है। गाँव के लोग इस तरह की छानी लगाकर एक विशाल गड्ढा खोदकर तालाब का निर्माण कर पानी का संग्रहण कर सकते हैं।

प्रश्न 5. वर्षा के मौसम में कपड़े जल्दी क्यों नहीं सूखते ?

उत्तर— वर्षा के मौसम में कपड़े जल्दी इसलिए नहीं सूखते क्योंकि वाष्पन की क्रिया बहुत मंद गति से होती है।